
Amar Ujala 4-6-26



यूटी सचिवालय में एसडी कॉलेज का प्रॉस्पेक्टस लॉन्च करते मुख्य सचिव। डीपीआर

# मुख्य सचिव ने एसडी कॉलेज का प्रॉस्पेक्टस किया लॉन्च

चंडीगढ़। मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने बुधवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, सेक्टर-32 के प्रॉस्पेक्टस, स्टूडेंट हैंडबुक तथा हॉस्टल प्रॉस्पेक्टस का विमोचन किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय शर्मा तथा जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी के प्रतिनिधियों ने मुख्य सचिव को प्रकाशन भेंट किए और उन्हें संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों, छात्र-केंद्रित पहलों तथा भावी विकास योजनाओं की जानकारी दी।


मुख्य सचिव ने संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। प्रॉस्पेक्टस में आगामी प्रवेश सत्र के लिए शैक्षणिक कार्यक्रमों, शोध अवसरों, छात्रवृत्तियों, प्लेसमेंट आदि की जानकारी है। ब्यूरो

Arth Parkash 4-6-26

# प्रॉस्पेक्टस विमोचन के साथ जीजीडीएसडी कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया का आगाज

**चंडीगढ़ के मुख्य सचिव ने किया प्रॉस्पेक्टस का लोकार्पण, कहा उच्च शिक्षा में कॉलेज का योगदान उल्लेखनीय**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज ने बुधवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रवेश अभियान की औपचारिक शुरुआत कर दी। यूटी प्रशासन के मुख्य सचिव एच.राजेश प्रसाद ने मुख्य सचिव कार्यालय में कॉलेज के प्रॉस्पेक्टस, स्टूडेंट हैंडबुक और हॉस्टल प्रॉस्पेक्टस का विमोचन किया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा, जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी के महासचिव डॉ.पीके बजाज तथा वित्त सचिव जतिंदर भाटिया ने मुख्य सचिव को कॉलेज की शैक्षणिक उपलब्धियों, नवाचार आधारित पहलों, छात्र-केंद्रित कार्यक्रमों तथा संस्थान की भावी विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी।

कॉलेज प्रशासन के अनुसार प्रॉस्पेक्टस 2026-27 में संस्थान के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों, शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध एवं नवाचार गतिविधियों, आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों, छात्रवृत्ति योजनाओं, प्लेसमेंट अवसरों, छात्र सहायता सेवाओं, खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के अलावा सामाजिक सरोकारों और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई है। वहीं स्टूडेंट हैंडबुक विद्यार्थियों के लिए एक उपयोगी मार्गदर्शिका के रूप में तैयार की गई है, जिसमें शैक्षणिक नियमों, कॉलेज की नीतियों, परिसर में उपलब्ध सुविधाओं, छात्र कल्याण संबंधी व्यवस्थाओं तथा संस्थान की कार्यप्रणाली से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल हैं। इसके अलावा हॉस्टल प्रॉस्पेक्टस में हॉस्टल की आवासीय सुविधाओं, उपलब्ध आधुनिक संसाधनों, सुरक्षा प्रबंधों तथा हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध विभिन्न सहायता एवं कल्याणकारी सेवाओं का विस्तृत विवरण दिया गया है।

डॉ. अजय शर्मा ने मुख्य सचिव को कॉलेज की शैक्षणिक उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं से अवगत कराते हुए बताया कि कॉलेज राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 की भावना के अनुरूप बहुविषयक शिक्षा, शोध, नवाचार, उद्यमिता, कौशल विकास, उद्योग-जगत से सहभागिता तथा अनुभवात्मक शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप तैयार करने के लिए कॉलेज में आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को अपनाया जा रहा है। डॉ. शर्मा कहा कि कॉलेज का उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए तैयार करना है, बल्कि उन्हें व्यावसायिक रूप से दक्ष, सामाजिक रूप से संवेदनशील और व्यक्तिगत रूप से सशक्त बनाकर जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता हासिल करने के योग्य बनाना भी है।

वहीं, जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी के वित्त सचिव जतिंदर भाटिया ने कहा कि सोसायटी विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए शैक्षणिक अधोसंरचना के विस्तार और आधुनिकीकरण पर लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संस्थान ऐसे अवसर सृजित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा और क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ने में मदद करें तथा उन्हें जिम्मेदार, संवेदनशील और वैश्विक परिप्रेक्ष्य वाले नागरिक के रूप में विकसित करें। जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी के महासचिव डॉ. पी.के. बजाज ने कहा कि सोसायटी संस्थान की गौरवशाली विरासत और उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपराओं को सहेजते हुए उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने जीजीडीएसडी कॉलेज की गौरवशाली परंपरा और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उसके उल्लेखनीय योगदान की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान ने वर्षों से शैक्षणिक उत्कृष्टता के उच्च मानकों को कायम रखा है। बदलते शैक्षणिक परिवेश और नई चुनौतियों के अनुरूप स्वयं को ढालते हुए कॉलेज ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सदैव प्राथमिकता दी है।

Dainik Jagran 4-6-26

# एसडी कालेज का मुख्य सचिव ने लांच किया प्रोस्पेक्ट्स




प्रोस्पेक्ट्स लांच करते हुए मुख्य सचिव एच राजेश प्रसाद ●डीपीआर यूटी

**जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ :** अंडर ग्रेजुएशन (यूजी) के प्रथम वर्ष में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों की जानकारी के लिए एसडी कालेज सेक्टर-32 ने अपना कालेज प्रास्पेक्ट्स लांच कर दिया। यह प्रोस्पेक्ट्स मुख्य सचिव एच राजेश प्रसाद ने प्रिंसिपल डा. अजय शर्मा और एसडी कालेज मैनेजमेंट के साथ किया। प्रिंसिपल डा. अजय शर्मा ने बताया कि प्रशासन अभी कामन ज्वाइंट एडमिशन का प्रोस्पेक्ट्स फाइनल कर रहा हैं लेकिन उससे पहले विद्यार्थियों को अपने कालेज के बारे में बताने के लिए प्रोस्पेक्ट्स लांच किया है। प्रोस्पेक्ट्स में कालेज में उपलब्ध सीटों के साथ संकाय, विषय, हास्टल से लेकर खेल सुविधाओं की जानकारी अपडेट की गई है।

Dainik Savera Times 4-6-26

# जीजीडीएसडी कॉलेज में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू



प्रॉस्पेक्टस का लोकापर्ण करते हुए मुख्यसचिव एच राजेश प्रसाद।

**सवेरा न्यूज/नीना चंडीगढ़ :** जीजीडीएसडी कॉलेज सैक्टर 32 ने बुधवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रवेश की औपचारिक शुरुआत कर दी। यूटी प्रशासन के मुख्य सचिव एच.राजेश प्रसाद ने मुख्य सचिव कार्यालय में कॉलेज के प्रॉस्पेक्टस, स्टूडेंट हैंडबुक और हॉस्टल प्रॉस्पेक्टस का विमोचन किया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा, जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी के महासचिव डॉ.पीके बजाज तथा वित्त सचिव जतिंदर भाटिया ने मुख्य सचिव को कॉलेज की शैक्षणिक उपलब्धियों, नवाचार आधारित पहलों, छात्र-केंद्रित कार्यक्र मों तथा संस्थान की भावी विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी। कॉलेज प्रशासन के अनुसार प्रॉस्पेक्टस 2026-27 में संस्थान के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्र मों, शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध एवं नवाचार गतिविधियों, आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों, छात्रवृत्ति योजनाओं, प्लेसमेंट अवसरों, छात्र सहायता सेवाओं, खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के अलावा सामाजिक सरोकारों और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग कार्यक्र मों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई है। जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी के वित्त सचिव जतिंदर भाटिया ने कहा कि सोसायटी विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए शैक्षणिक अधोसंरचना के विस्तार और आधुनिकीकरण पर लगातार कार्य कर रही है।

Dainik Tribune 4-6-26

# यूटी के मुख्य सचिव ने जारी किया एसडी कॉलेज का प्रॉस्पेक्टस

मनीमाजरा (चंडीगढ़), 3 जून (हप्र)



चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद जीजीडीएसडी कॉलेज, सेक्टर-32 के शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रॉस्पेक्टस, स्टूडेंट हैंडबुक और हॉस्टल प्रॉस्पेक्टस का विमोचन करते हुए। -हप्र

चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने बुधवार को अपने कार्यालय में गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, सेक्टर-32 के शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रॉस्पेक्टस, स्टूडेंट हैंडबुक और हॉस्टल प्रॉस्पेक्टस का विमोचन किया। इसके साथ ही कॉलेज में आगामी सत्र की दाखिला प्रक्रिया की औपचारिक शुरुआत हो गई। इस अवसर पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा, कॉलेज सोसायटी के जनरल सेक्रेटरी डॉ. पी.के. बजाज और फाइनेंस सेक्रेटरी जतिंदर भाटिया ने मुख्य सचिव को ये प्रतियां भेंट कीं। उन्होंने मुख्य सचिव को संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों, नवाचारों, छात्र-केंद्रित कार्यक्रमों और भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया।

मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने कहा कि कॉलेज अकादमिक उत्कृष्टता को बनाए रखते हुए बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुसार खुद को ढाल रहा है। संस्थान विद्यार्थियों के समग्र विकास, कौशल निर्माण और उन्हें 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार करने में बेहतरीन भूमिका निभा रहा है। प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कॉलेज में बहु-विषयक शिक्षा, अनुसंधान, इंटर्नशिप, स्टार्ट-अप और उद्यमिता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। नया प्रॉस्पेक्टस कॉलेज के इसी विजन को दर्शाता है।

Divya Himachal 4-6-26

## एक नजर

# जीजीडीएसडी कालेज में नए सत्र के प्रोस्पेक्ट्स जारी



चंडीगढ़। चंडीगढ़ के सेक्टर 32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कालेज ने बुधवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रवेश अभियान की औपचारिक शुरुआत कर दी। यूटी प्रशासन के मुख्य सचिव एच राजेश प्रसाद ने मुख्य सचिव कार्यालय में कालेज के प्रॉस्पेक्टस, स्टूडेंट हैंडबुक और हॉस्टल प्रॉस्पेक्टस का विमोचन किया। कालेज के प्रिंसीपल डा. अजय शर्मा, जीजीडीएसडी कालेज सोसायटी के महासचिव डा. पीके बजाज तथा वित्त सचिव जतिंदर भाटिया ने मुख्य सचिव को कालेज की शैक्षणिक उपलब्धियों, नवाचार आधारित पहलों, छात्र केंद्रित कार्यक्रमों तथा संस्थान की भावी विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी।

H.T. Chandigarh 4-6-26

# UT chief secy launches GGDSD college prospectus

**CHANDIGARH:** UT administration chief secretary H Rajesh Prasad launched the prospectus, student handbook, and hostel prospectus of GGDSD College, Sector 32, for the 2026-27 academic session. Principal Ajay Sharma highlighted the college's focus on NEP 2020 implementation, internships and startup culture. **HTC**

Punjab Kesari 4-6-26

# प्रॉस्पैक्टस विमोचन के साथ कॉलेज में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया का आगाज

## मुख्य सचिव ने किया प्रॉस्पैक्टस का लोकार्पण

चंडीगढ़, 3 जून (आशीष): सैक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज ने बुधवार को शैक्षणिक सत्र के प्रवेश अभियान की औपचारिक शुरूआत कर दी। प्रशासन के मुख्य सचिव एच.राजेश प्रसाद ने कार्यालय में कॉलेज के प्रॉस्पैक्टस, स्टूडैंट हैंडबुक और हॉस्टल प्रॉस्पैक्टस का विमोचन किया। प्रिंसीपल डॉ. अजय शर्मा, जी.जी.डी.एस.डी. कॉलेज सोसायटी के महासचिव डॉ. पी.के. बजाज तथा वित्त सचिव जतिंदर भाटिया ने मुख्य सचिव को कॉलेज की शैक्षणिक उपलब्धियों, नवाचार आधारित पहलों, छात्र-केंद्रित कार्यक्रमों तथा संस्थान की भावी विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी।



*मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद, कालेज सोसायटी के वित्त सचिव जतिन्द्र भाटिया, महासचिव डॉ. पी.के. बजाज और प्रिंसीपल डॉ.अजय शर्मा प्रॉस्पैक्टस का लोकार्पण करते हुए। राणा*

डॉ. अजय शर्मा ने मुख्य सचिव को कॉलेज की शैक्षणिक उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं से अवगत कराते हुए बताया कि कॉलेज राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप बहुविषयक शिक्षा, शोध, नवाचार, उद्यमिता, कौशल विकास, उद्योग-जगत से सहभागिता तथा अनुभवात्मक शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

वित्त सचिव जतिंदर भाटिया ने कहा कि सोसायटी विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए शैक्षणिक अधोसंरचना के विस्तार और आधुनिकीकरण पर लगातार कार्य कर रही है। महासचिव डॉ. पी.के. बजाज ने कहा कि सोसायटी संस्थान की गौरवशाली विरासत और उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपराओं को सहेजते हुए उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि अकादमिक उत्कृष्टता, नवाचार, अधोसंरचना विकास और छात्र कल्याण से जुड़ी पहलों को सोसायटी का पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलता रहा है।

मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने कहा कि बदलते शैक्षणिक परिवेश और नई चुनौतियों के अनुरूप स्वयं को ढालते हुए कॉलेज ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सदैव प्राथमिकता दी है। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कॉलेज द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक एवं प्रगतिशील शैक्षणिक पहलों की प्रशंसा की।